Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 24-11-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Continued spread of Dengue and Chikungunia disease in the entire country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल): माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अति लोक महत्व के प्रश्न पर आकर्ति करना चाहता हूं। अभी हाल ही में पूरे देश में डेंगू और चिकनगुनिया से मरने वालों की संख्या हजारों तक पहुंच गई थी। अगर आंकड़ों को देखा जाए तो दिल्ली में नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 3000 डेंगू के मरीजों को चिन्हित किया गया, जो लगभग एक या दो इलाकों के थे। अगर सभी इलाकों को लिया जाए तो मरीजों की संख्या अधिक हो सकती है। यहां इन बीमारियों से मरने वालों की संख्या 70 बताई गई है। उत्तर प्रदेश में 589 केसेज इस प्रकार के सामने आए, हरियाणा में 342 और राजस्थान में 22 केसेज सामने आए। देश के अन्य इलाकों से 150 केसेज सामने आए। डेंगू और चिकनगुनिया से मरने वालों की संख्या हजारों में गई है। यहां पर समय-समय पर डेंगू और चिकनगुनिया पर चर्चा हुई है, लेकिन भारत सरकार के लाख आश्वासनों के बावजूद भी इन बीमारियों की रोकथाम नहीं हो पाई है और कोई कारगर दवा सही रूप में नहीं बन पाई है। प्रभावित इलाकों में न तो सही समय पर इंजैक्शंस पहुंचे, न सफाई की व्यवस्था हुई और न ही वहां डाक्टर्स की टीम गई और इसी कारण इन बीमारियों पर काबू नहीं पाया जा सका, जिसकी वजह से इतने लोगों की मौत हुई। हमने देखा कि विशेाज्ञों की टीम की भी इस सम्बन्ध में कोई बैठ नहीं हुई कि यह बीमारी कैसे आई और कैसे इसे रोका जा सकता है। कई लोग दवा के अभाव में मारे गए, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में दवा नहीं थी और बाहर इलाज कराने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। वैसे भी डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए अभी कोई स्पेसिफिक दवा नहीं है, जिससे इन पर नियंत्रण किया जा सके। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जो बीपीएल धारक इन बीमारियों की चपेट में आकर मर गए, उनके आश्रितों को सरकार मुआवजा दे। कई ऐसे परिवारों के मुखिया इस बीमारी की चपेट में आकर मर गए, जिससे उन परिवारों में कमाने वाला कोई नहीं रहा। इसलिए सरकार इस पर ध्यान दे और इस बात का सर्वे कराए कि कहां-कहां ऐसे लोगों की मृत्यु हुई है। उसके लिए अस्पतालों और नर्सिंग होम्स से रिपोर्ट लेकर उन लोगों के आश्रितों को आर्थिक मदद दी जाए, ताकि उनका जीवन स्तर ऊपर उठ सके। [R60]